Bharat Temples

# माँ दे दर्शन मुझे

माँ दे दर्शन मुझे आस दर्शन की लेके मैं तो आया पेहली बार,
ओ मैया जय हो तेरी ओ मैया जय हो तेरी,

प्यास तेरे दर्शन की लेकर है राह निहार रहे,
अमृत की इक बून्द मिले माँ कब तोरा उपहार रहे,
आये तेरी शरण आस दर्शन की लेके मैं तो आया पेहली बार
ओ मैया जय हो तेरी ओ मैया जय हो तेरी,

मन मंदिर में ज्योति जगा के श्रद्धा पुष्प चड़ाउ माँ,
बना के थाली इन होठो की तेरी महिमा गाउ माँ,
खिले मन का चमन आस दर्शन की लेके मैं तो आया पेहली बार
ओ मैया जय हो तेरी ओ मैया जय हो तेरी,

रुडरानी भरमाणी माइयाँ तुझको शीश झुकाउ माँ,
दे वरदान तेरे चरणों में बार बार याद आउ माँ,
करते दु:ख का दमन आस दर्शन की लेके मैं तो आया पेहली बार
ओ मैया जय हो तेरी ओ मैया जय हो तेरी,

तेरे दर्श की चाह में मैया अखियां तरसे राणा की,
दे दर्शन कर प्रशन मैया आस जगा दे राणा की,
करता तुझको नमन आस दर्शन की लेके मैं तो आया पेहली बार
ओ मैया जय हो तेरी ओ मैया जय हो तेरी,

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw